an>

Title: Need to provide houses to all the eligible persons under Pradhan Mantri Awass Yojana (Grameen) in Kanpur dehat district, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर) ः मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा विगत कई वर्षों से इंदिरा आवास योजना का संचालन किया जा रहा है जो कि अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के नाम से संचालित है।

माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना ""हर व्यक्ति को आवास"" के क्रम में उक्त योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकारों द्वारा सुचारू रूप से नहीं किया जा रहा है जिसके कारण उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के पात्र लाभार्थियों को उक्त योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इंदिरा आवास योजना में अपात्र व्यक्तियों को आवास आवंटित कर दिए गए एवं पात्र व्यक्तियों को उक्त योजना के लाभ से वंचित रखा गया।

मेरी लोक सभा के अंतर्गत आने वाले जनपद कानपुर देहात की यह स्थिति है कि वर्ष 2012-13, 13-14 एवं 14-15 में कितने आवासों एवं किन-किन लाभार्थियों को आबंटन किया गया है, इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं दी जा रही है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा इंदिरा आवास योजना के आवंटन में कई पात्र व्यक्तियों द्वारा शिकायतें प्राप्त हुइप जिसकी मैंने अपने स्तर से जांच कराई, जिस पर यह तथ्य सामने आया कि विकास खंड स्तर/ जिला स्तर पर कथित घोर वित्तीय अनियमितताएं कर अपात्र व्यक्तियों को इंदिरा आवास आवंटित किये गये हैं, ऐसी स्थिति प्रदेश के संपूर्ण जनपदों की है।

अतः मेरा अनुरोध है कि भारत सरकार द्वारा अपने स्तर से जांच कमेटी का गठन कर पात्र लाभार्थियों को आवास दिलाये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।